## खबर संक्षेप

### मिलिंद बने नए विकासखंड खेल प्रभारी

**सौंसर।** सी एम राइस स्कूल में मध्य प्रदेश शालेय खेलकूद प्रतियोगिता की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन एम राईस स्कूल सौसर में सहायक संचालक रश्मि कुसरे मैडमस्कूल प्राचार्या शैलजा बत्रा उपस्थिति में सम्पन्न हुई, बैठक में ब्लॉक स्तरीय विकासखंड प्रतियोगिता का वार्षिक खेल कैलेंडर 2025 26 का विमोचन किया गया,इस दौरान नए विकासखंड खेल प्रभारी मिलिन्द चारे को बनाया गया है। आयोजन को संबोधित करते हुए शैलजा बत्रा के कहा किखेल को खेल भावना से संचालित करने का मंत्र दिया गया। साथ ही खेल की बारीकियां तथा खेल को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया गया,सहायक संचालक रश्मि कुसरे के द्वारा ब्लॉक के समस्त खेल प्रभारी को छात्रों को अधिक से अधिक खेलों के में रुचि की भावना को जगाने के लिए खेल प्रभारी को बताया गया। खेल के माध्यम से छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास पर बल दिया गया,बैठक का आभार प्रदर्शन बाबा खान ने किया।

### गिरदावरी अपडेट करनेवालों ने उठाई समस्याएं

**पांढुर्ना।** राजस्व विभाग की ओर से फसल गिरदावरी अपडेट करने के लिए लगाए गए युवाओं ने आज अपनी समस्याओं को लेकर मा. मुख्यमंत्री महोदय के नाम का ज्ञापन तहसीलदार महोदय को सौंपा। इन युवाओं की नियुक्ति पटवारी हल्का ग्रामों में माह जुलाई 2024 मं शासन के आदेशानुसार एमपी भूलेख पोर्टल पर ऑनलाईन की गई थी। वर्तमान में यह सभी युवा भू अभिलेख, फॉर्मर आईडी बनाने तथा किसानों की ई केवायसी का कार्य पूरी इमानदारी एवं लगन से कर रहे है। इन सभी ने ग्राम रोजगार सहायक की तर्ज पर सहायक पटवारी का दर्जा दिए जाने, नियमित रोजगार प्रदान करने, निश्चित मानदेय दिए जाने, आईडी कार्ड दिए जाने, सुरक्षा किट प्रदान करने, सर्वे में खसरा की दूरी 10 मी. से बढाकर 50 मी. किए जाने तथा दुर्घटना बीमा कराए जाने की मांग की है। यहां उल्लेखनीय है कि दो सीजन का सभी युवाओं का कुल मानदेय लगभग 4 लाख रू. शेष बताया जा रहा है।

## कलेक्टर ने समय सीमा की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# आंगनवाड़ी भवनों को अच्छे भवनों में करें शिफ्ट: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की 50 दिन से अधिक पुरानी शिकायतें लंबित हैं, वहां के अधिकारी स्वयं इसकी नियमित समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी सोमवार की टीएल बैठक में जिन विभागों की ग्रेडिंग 'D' पाई जाएगी, उनके विभाग प्रमुखों के वेतन आहरण पर रोक लगाई जाएगी। निर्देश-कलेक्टर श्री सिंह द्वारा ऊर्जा विभाग के अधीक्षण यंत्री, मप्र विद्युत मंडल को निर्देशित किया गया कि शासकीय विद्यालयों में लगे सोलर पैनलों को ग्रिड से जोड़ने का कार्य अगले सप्ताह तक हर हाल में प्रारंभ किया जाए। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्रों में भी इसी प्रकार की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ तो समय पर मिल रहा है, लेकिन अन्य दावों में विलंब हो रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि सेवानिवृत्ति से छह माह पूर्व ही सभी प्रकार के दावों की प्रक्रिया शुरू की जाए, जिससे पीपीओ के साथ ही अन्य लाभ भी समय पर मिल सकें।



### आंगनवाड़ी केन्द्रों का स्थानांतरण सुविधाओं वाले भवनों में हो

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि जो आंगनवाड़ी केंद्र किराए के साधारण भवनों में संचालित हो रहे हैं, उन्हें सभी आवश्यक सुविधाओं वाले भवनों में शत-प्रतिशत स्थानांतरित किया जाए।

### विद्यालय निरीक्षण की जानकारी ली

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागप्रमुखों से शासकीय विद्यालयों में किए गए निरीक्षणों की जानकारी ली। जहां-जहां कमियां पाई गईं, वहां उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं भी संचालित हों

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जेईई और नीट की कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं या नहीं, यह समस्त विभाग प्रमुख स्वयं निरीक्षण कर सुनिश्चित करें। साथ ही, उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त को निर्देश दिए कि सीए सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं भी अनिवार्य रूप से संचालित की जाएं, ताकि अन्य विषयों के विद्यार्थी पीछे न रहें।

### खाद की उपलब्धता की जानकारी साझा करने निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने उप संचालक कृषि एवं कृषि विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में खाद की उपलब्धता की जानकारी प्रतिदिन जिला हेड ग्रुप में साझा करें, ताकि आवश्यकता अनुसार उचित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, प्रभारी एडीएम श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर शराहुल कुमार पटेल, उप संचालक सामाजिक न्याय पी. राजौदिया सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अन्य एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी से जुड़े थे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आगामी 15 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली और अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपते हुये समय पर सभी आवश्यक कार्यवाहियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, प्रभारी एडीएम श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## नेपाल के पशुपतिनाथ का हुआ अभिषेक

# श्री राम मंदिर में प्रतिदिन हो रहा भगवान का रूद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

शहर के हृदय स्थल में स्थित श्री राम मंदिर में श्रावण माह में प्रतिदिन रूद्राभिषेक कराया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु अभिषेक के लिए पहुंच रहे है। सत्यधर्म मंडल श्री राम मंदिर समिति के सचिव सतीश दुबे लाला ने बताया कि सावन सोमवार को मंदिर समिति द्वारा नेपाल के पशुपतिनाथ की प्रतिकृति शिवलिंग बनाई गई। मंदिर समिति द्वारा प्रतिदिन नर्मदा नदी के जल से यजमानों से अभिषेक कराया जा रहा है। अभिषेक के लिए मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर शास्त्री से संपर्क करके निशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके साथ ही श्रीराम मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष पालकी यात्रा मंदिर से निकाली जाती है, जिसका विसर्जन छोटा तालाब में किया जाता है। मंदिर समिति द्वारा इस पालकी यात्रा की तैयारी भी की जा रही है। पालकी यात्रा का इस प्रकार रूट होगाप्रतिवर्ष निकलने वाली पालकी यात्रा गुरुवार को श्री राम मंदिर से निकल कर गणेश चौक, रॉयल चौक से होते हुए चूना गली पहुंचेगी। इसके उपरांत मेन रोड से श्री बड़ी माता मंदिर से पॉवर हाउस होते हुए छोटा तालाब में समाप्त होगी। इसके उपरांत मंत्रोच्चार किए हुए रुद्राक्ष का वितरण समिति द्वारा किया जाएगा।

# दो बहनों की डैम में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

कल रविवार को तहसील मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर स्थित ग्राम राजडोंगरी के करीब बने डैम में नहाने उतरी दो सगी बहनों की डूबने से मौत हो गई। आज दोनों बहनों के शवों का पीएम किय गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वैशाली आयु 11 एवं अर्पिता आयु 7 यह दोनों बहने अपने पिता राजकुमार के साथ खेत में गई थी।

दोनों बहनों के माता पिता खेत में काम करते रहे लेकिन शाम को लौटते समय जब बेटियां नहीं दिखी तो इन्हें चिंता हुई। इसके बाद माता पिता ने आवाज देकर आजू बाजू बच्चियों की खोजबीन शुरू की। खेत से थोडी दूर बने डैम के किनारे पर वैशाली एवं अर्पिता के कपडे माता पिता को मिले। इससे दोनों बहनों के डैम में डूबने की शंका को बल मिला। इसके बाद सूचना पर नांदनवाडी पुलिस और अनेक ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद दोनों बहनों शव डैम से बाहर निकाले गए।



## चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर कमेटी ने की केंद्रीय सड़क मंत्री भेंट

**सौंसर।** सोमवार को हनुमान पथ' हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान जामसांवली के पदाधिकारियों तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ तकनीकी बैठक कर चर्चा की एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए।इस अवसर पर ट्रस्टी एवं पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष सदीप मोहड़,तकनीक सलाहकार श्री ठेंग,जामसवाली मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा,संस्थान ट्रस्टी एवं ट्रस्टी अजय धवले, एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीमती आकृति गुप्ता,कपिल चां ड क , आ नं द देशमुख,कंपनी सेक्रेटरी आलोक चांडक उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जामसांवली स्थित हनुमान लोक तक पहुंचने के लिए प्रस्तावित 'हनुमान पथ' के निर्माण कार्य को गति देना था, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिल सके। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और सभी संबंधित पक्षों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना को समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा करने पर जोर दिया। हनुमान लोक संस्थान के पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया यह परियोजना हनुमान लोक के विकास और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगी।



## परामर्श दात्री समिति की बैठक

**छिंदवाड़ा।** शासन के निर्देश अनुसार म.प्र. लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 अनुसार परामर्श दात्री समिति की बैठक सोमवार को निगम सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त वित्त कमलेश निरगुडकर सहित नगर निगम से संबंधित कर्मचारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।



## खाद बीज यूनियन सौंसर की बैठक में लिए निर्णय



**सौंसर।** मंजुला मंगल भवन में खाद बीज यूनियन सौसर के पदाधिकारी एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, बैठक में यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई,बैठक में प्रमुख रूप से यूनियन अध्यक्ष अमरीश जैस्वाल के द्वारा यूनियन के संबंध में जानकारी और यूनियन के माध्यम से हमें किस प्रकार से कार्य करना है इस पर यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यों को जानकारी दी बैठक में प्रमुख रूप यूनियन उपाध्यक्ष विजय ढगें, प्रीतम डवले, कोषाध्यक्ष शंकर खडसे, सचिव सुनील ढोक, सहसचिव नरेंद्र ठोंबरे, फिरोज सौदागर,धीरज महेश्वरी,दीपक जायसवाल, रोशन पाटील, मंदार केलकर आदि प्रमुखता से उपस्थित थे, बैठक के दौरानयूनियन के सभी सदस्यों की उपस्थिति मे यह तय किया गया कि सभी व्यापारी अपने व्यापार में आ रही समस्या को मिलकर हल करेंगे, अपने प्रतिष्ठान हफ्ते में एक दिन शनिवार को बंद रखेंगे और अपने प्रतिष्ठान से गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही विक्रय करेंगे।यूनियन के द्वारा आगामी समय की बैठक आदि को लेकर भी चर्चा की गई है।

## ब्लॉक स्तरीय खो खो-फुटबॉल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

सोमवार को मध्य प्रदेश शालेय सत्र 2025 ओर 26 में शासन के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तरीय खो खो एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ लिटिल स्टेप पब्लिक स्कूल बोरगांव में पर किया गया। लिटिल स्टेप पब्लिक स्कूल बोरगांव संचालक अनिल खांबोलकर के द्वारा ब्लॉक स्तरीय खो खो एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया तथा अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेल के माध्यम से शारीरिक को मानसिक विकास हो तथा प्रतियोगियों को खेल भावना के साथ खेलने का मंत्र दिया गया। प्रतियोगिता के सौसर ब्लॉक के लगभग 250 छात्र-छात्राओं में भाग लेकर प्रदर्शन किया,सौसर ब्लॉक की खो-खो एवं फुटबॉल प्रतियोगिता में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ब्लॉक स्तरीय खो खो एवं फुटबॉल प्रतियोगिता को सफल बनाने में विकासखंड खेल प्रभारी मिलिंद चारेनोडल अधिकारी बाबा खान, लीलाधर खिरडकर ,विजया काहाते, लिटिल स्टेप बोरगांव पीटीआई नंदकिशोर चौहान, सुरेंद्र कुमार आदि का सहयोग रहा है।

# पुलिस ने 726 ग्राम गांजा किया जब्त

### सिंगोड़ी पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता व अति.पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं अनुविभागीय (पुलिस) कल्याणी वरकड़े, थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण एवं सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। गत दिवस मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि खकरा चौरई बायपास, विराट फैमिली रेस्टोरेन्ट के पास गिरीश साहू का नीले रंग के टीन शेड से बने कमरे मे आरोपी राजेन्द्र उर्फ अर्जुन बुनकर के द्वारा अपने साथी गिरीश साहू के साथ मिलकर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बेचने के लिए रखा है एवं गांजा पीने वालो को अवैद्य रूप से गांजा बेचता है।

प्राप्त मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपियों राजेन्द्र उर्फ अर्जुन पिता राजकुमार बुनकर उम्र 27 वर्ष एवं गिरीश पिता शिवप्रसाद साहू उम्र 38 वर्ष दोनो निवासी ग्राम सिंगोड़ी के कब्जे से कुल वजन 726 ग्राम गांजा कीमती करीब 15,000/- रूपये का अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया जो धारा 8,20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दंडनीय अपराध पाये जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध धारा 8,20 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। जप्त कुल मादक पदार्थ गांजा 726 ग्राम कीमती करीब 15,000/- रूपये नाम पता आरोपी (1) राजेन्द्र उर्फ अर्जुन पिता राजकुमार बुनकर उम्र 27 वर्ष (2) गिरीश पिता शिवप्रसाद साहू उम्र 38 वर्ष दोनो निवसी ग्राम सिंगोड़ी चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा जिला छिंदवाडा पुलिस टीम चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, सउनि राजकुमार सनोडिया, प्र आर 354 राजकुमार परते, आर. 988 सूरज सिंह, आर. 653 गुरमुख , आर. 573 पीयुष, आर. 1110 उमाशंकर, म.आर. 532 दिव्या ।



# सावन सोमवार पर मातृशक्ति ने निकाली कावड़ यात्रा

### मातृशक्ति ने हर हर महादेव के लगाए नारे, मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ

सावन के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर बिछुआ नगर की मातृशक्तियों के द्वारा बिछुआ से शंकरवनधाम तक विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई,महिलाओं के द्वारा निकाली गई इस यात्रा में बाबा भोलेनाथ के जय कारे लगाए गए एवं डी जे में भक्ति गाने पर महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन कर यात्रा का समापन शंकरवन मंदिर में किया गया,बिछुआ के समाजसेवियों के द्वारा कावड़ यात्रा में शामिल मातृशक्तियों के लिए जगह जगह पीने के पानी व फलाहार की व्यवस्था की गई,कावड़ यात्रा में शामिल महिलाओं के द्वारा संपूर्ण यात्रा में भगवान भोले नाथ के जयकारे लगाए गए जिससे माहौल धर्ममय हो गया,इस दौरान गुरुजी श्री नारायण सोनी, भाजपा नेता लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,भाजपा महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,बलदेव बोबडे,हिम्मतराम सोनी,प्रमोद श्रीवास,रजत वानखेड़े,नीलेश चोपड़े,एवं कावड़ यात्रा में मातृशक्तियों में श्रीमती कमलेश दीक्षित,श्रीमती बिमला नागरे,दीपिका चोपड़े,गीता चोपड़े,झीटोबाई धुर्वे,कीर्ति करमेले,माया पटेल,शारदा खुबेले, गायत्री डेहरिया,ज्योति डिगरसे,पूर्वा खापरे,जूनिता कथूरिया,सरिता सूर्यवंशी,कंचन पवार,समेत सैकड़ों मातृशक्ति व भक्तजन उपस्थित थे।

## प्रभाकर एवं माधव महामंत्री, देवेंद्र बने कार्यालय प्रभारी

**पांढुर्ना।** कल देर रात नगरमंडल भाजपा की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। इस नई नरमंडल भाजपा कार्यकारिणी में प्रकाश छांगाणी अध्यक्ष, प्रभाकर घोडे एवं माधव पाटील महामंत्री बनाए गए है। संजय बोडखे, प्रवीण निंबुलकर, संगीता घागरे, शकुन बालपांडे, पंकज नाईक तथा गिरीश कोरडे को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। दिनेश सांबारे, प्रेरणा धुर्वे, सिंधुबाई डाबरे, सोनू घोडे, निकेश खानवे तथा भावेश डोबले को मंत्री बनाया गया है। नगरमंडल भाजपा में भूपेंद्र करेरा कोषाध्यक्ष, देवेंद्र बांबल कार्यालय मंत्री, हर्षवर्धन वानखेडे, मीडिया प्रभारी, रोशन चातरकर सोशल मिडीया प्रभारी तथा सुनील अमजिरे को लाभार्थी प्रमुख बनाया गया है। नगरमंडल भाजपा में शेषराव वसूले, विलास निकम, प्रभाकर वानखडे, सुभाष दामेदर, सरजराम कोडापे, रामभाउ बालपांडे, उदय कोरडे, इरफान शेख, सुभाष खरोडे, नरेंद्र रावल, नंदू कठाने, ज्ञानेश्वर कोरडे, कुणाल पालीवाल, संदीप सकरडे, रामदास बावने, राहुल बालपांडे, सुनील धुर्वे, नरेंद्र ठाकुर, राजा राउत, संजय धारपुरे, मारोती इवनाती, हंसराज कडवे, रिक्की बाफना, उमेश आसटकर, रोशन बांबल, भोजराज कराले, निलेश पराडकर, गिरीश साबले, निलेश हिवसे, हरिश नानकानी, सचिन सांबारे, संजय जवने, संजय हाटेकर, विन सपडा, दत्तात्रय राउत, निलेश पांडे, कल्पना वघाले, शुभम गायधने, गणेश वाडबुधे, रामरती इवनाती था सुभाष कुंभारे को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## सांसद ने दिल्ली में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से की मुलाकात

# छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा में बढ़ेगा शिक्षा का स्तर: सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत और कृतसंकल्पित सांसद बंटी विवेक साहू अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान ही दोनों जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दोनों जिलों के निवासियों को दिला चुके है। दोनों जिलों के विकास के संकल्प को लेकर वे निरंतर प्रयत्नशील है। वे अपने दिल्ली और भोपाल प्रवास के दौरान लगातार मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करते हुए दोनों जिलों के विकास कार्यों के लिए चर्चा कर रहे है। मंत्रालय के प्रमुख विभाग कंज्यूमर अफेयर फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन और कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं सांसद बंटी विवेक साहू ने मानसून सत्र के दौरान सोमवार को दिल्ली में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा के लिये दूसरा और पांढुर्णा जिले में प्रथम नवोदय और सेंट्रल स्कूल खोलने का निवेदन किया है। उनके इस प्रयास से जल्द ही छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में शिक्षा का स्तर और भी बढ़ सकेगा। अपनी मुलाकात के दौरान सांसद श्री साहू ने केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को दो पत्र भी दिये है।



### सांसद ने सौंसर में सेंट्रल स्कूल खोलने का किया निवेदन

दिल्ली में सांसद श्री साहू ने केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात के दौरान उनसे सौंसर में सेन्ट्रल स्कूल खोले जाने को लेकर चर्चा करते हुए एक पत्र भी दिया है। जिसमें उन्होंने निवेदन किया है कि मेरी लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिला अपनी जनजातीय सांस्कृतिक धरोहर और शिक्षा के प्रति जनमानस की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। सौंसर में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना करना क्षेत्र के विकास में सहायक होगा, साथ ही राष्ट्र की सेवा के लिए योग्य और प्रेरित युवा तैयार करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से विनम्र अनुरोध किया है कि सौंसर में केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ करने की कृपा करें। इसके लिए छिंदवाड़ा प्रशासन और मैं स्वयं हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर हूँ।

### सांसद ने तामिया में नवोदय विद्यालय खोले जाने का किया निवेदन

दिल्ली में सांसद श्री साहू ने केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात के दौरान उनसे तामिया में नवोदय विद्यालय खोले जाने को लेकर चर्चा करते हुए एक पत्र भी दिया है। जिसमें उन्होंने निवेदन किया है कि तामिया एवं जुन्नारदेव विकासखण्ड जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। तामिया में ही विश्वप्रसिद्ध पातालकोट है, जिसमें अति पिछड़ी जनजाति भारिया निवास करती है। छिन्दवाड़ा में एकमात्र नवोदय विद्यालय है। जिले में जनजाति वर्ग की जनसंख्या अधिक है और जिले में प्रीमेटिव ट्राईब्स भी हैं जो कि अपने बच्चों को शिक्षा दिलाना चाहते हैं।

## पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए शिवभक्त, शहर में दिखा धार्मिक वातावरण

# श्रावण मास पर्व पर निकली भव्य पालकी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य पालकी यात्रा ने इस वर्ष भी श्रवण मास के अंतिम सोमवार को नगरवासियों के बीच धार्मिक उत्साह का संचार किया। इस पावन अवसर पर बाबा महाकाल की पालकी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने भाग लिया।यात्रा की शुरुआत श्री हनुमान मंदिर से हुई, जहां पूजा अर्चना के बाद भक्तों ने बाबा महाकाल की भक्ति में लीन होकर नगर भ्रमण की तैयारी की। इस दौरान भक्तों ने माँ दुर्गा स्टेज, पटेल मोहल्ला, शनि मंदिर, गुढ़ी बस स्टैंड, दिव्यनगर, बालकराम दफाई, और सायडिंग जैसे प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। यात्रा के समापन पर पुनः श्री हनुमान मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिससे सभी भक्तों को पुण्य लाभ प्राप्त हुआ। इस भव्य आयोजन में हिंदू समाज के व्यापारी और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोडे पूर्व मंडल अध्यक्ष नवजीत मोनू जैन वरिष्ठ नेता शिवकुमार राय भूपेंद्र साहू जितेंद्र सूर्यवंशी श्रीमती स्मिता यादव मुकेश सरपंच नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कपिल शुक्ला राजेंद्र सूर्यवंशी राजनीतिक लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे यह यात्रा और भी भव्य और सफल रही। समिति के सदस्यों ने इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ने कहा, ₹हमारा उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज को एकजुट करना है।

### शासकीय एकीकृत उमावि में हुआ सुंदरकांड का महापाठ

**जुन्नारदेव।** शासकीय एकीकृत उ मा वि मोरकुंड में अंतिम सावन सोमवार पर रामचरितमानस के सुंदरकांड का समापन किया गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक सोमवार को छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सुंदरकांड का आयोजन अंतिम दो कालखंड में संस्था में किया जाता रहा है जिसका समापन आज विद्यालय में किया गया इस अवसर पर प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामचरितमानस में यह जो दोहा आया है वह आप छात्रों पर भी कारगर सिद्ध होता हैकवन सो काज कठिन जग माही। जो नहीं होइ तात तुम पाहीं।।₹इस दोहे में बताया गया है कि हे हनुमान इस संसार में आप ऐसा कोन सा कार्य है जो आपके लिए कठिन है। इसी प्रकार आप सभी छात्रों में भी असीम संभावनाएं हैं आप एक बार संकल्पित हो जावे तो निश्चित रूप से बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकते हैं आवश्यकता है दृढ़ संकल्प करके उसे लगातार प्रयास करने की।रिछडा मंडल के द्वारा संगीतमय प्रस्तुति को



छात्र-छात्राओं ने बहुत ध्यान से सुना एवं साथ में गायन एवं पठन किया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मनीराम कुसराम सुनील चौधरी दुर्गेश चापले अश्विनी बरहैया अनुराग शर्मा चंद्रकांता कुमरे संध्या पाटिल वीरेंद्र प्रजापति डी आर साहू शिवानंद साहू मुकेश सेन ज्योतिका श्रीवास्तव दामिनी पवार उपस्थित रहे।

## रेत से भरे ओवरलोड डम्पर पर प्रशासनिक कार्यवाही




**परासिया :** नवागत एस डी एम शुभम यादव के परासिया में पदभार ग्रहण करने के बाद एक रेत से भरे ओवरलोड डम्पर पर प्रशासनिक कारवाही देखने को मिली । एस डी एम के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी ने छिंदवाड़ा की ओर से आ रहे एक रेत डम्पर को पकड़ा , जांच में डम्पर में ओवरलोड पाया गया । जिसे परासिया थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया गया है ।

## पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं टास्क मैनेजर व क्वालिटी मैनेजर छिंदवाड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक अमरवाड़ा के निर्देशन में जन शिक्षा केंद्र लछुआ अंतर्गत समस्या आश्रित शालाओं के समस्त संस्था प्रमुख, तथा शालाओं में संलग्न स्व-साहयता समूह अध्यक्ष, सचिव, रसोइयों की पी एम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत नवीन दिशा -निर्देश व समीक्षा हेतु बैठक सह-प्रशिक्षण का आयोजन जन शिक्षा केंद्र लछुआ में दोपहर 2:00 बजे से आयोजित की गयी l जन शिक्षा केंद्र के संस्था प्रमुख शाला में संलग्न समूह उपस्थित हुए l उक्त बैठक सह -प्रशिक्षण में बी ए सी,, सुनील कुर्चे, प्रमोद सरनकर, एम आर सी महेंद्र झारिया, जनशिक्षक बैजनाथ साहू, जय डेहरिया, महेन्द्र साहू ने पी एम पोषण पंजी संधारण व संचालन, डेली, मंथली ए एम एस, सेम्पल हेतु तीन खण्ड स्टील डिब्बा, खाद्यान्न उठाव, मीनू अनुसार भोजन, दीवार लेखन लोगो, मोनो, मीनू, समूह पंजीयन, किचिन गार्डन, रसोईया हेल्थ चेकअप, आई डी कार्ड, पंजी में हस्ताक्षर, किचिन शेड रंगाई, पुताई बिंदुओं पर समीक्षा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए l इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारत में चिकित्सा शिक्षा की नई क्रांति, सामुदायिक चिकित्सा सेवाएं एवं सर्जरी कोर्स

**छिंदवाड़ा।** भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ( एन एम सी) की अनुशंसा पर ₹सामुदायिक चिकित्सा सेवाएं एवं सर्जरी₹ पाठ्यक्रम को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल के रूप में घोषित किया गया है। आर्यवत सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यह पाठ्यक्रम छिंदवाड़ा से संचालित किया जा रहा है।इस कोर्स का उद्देश्य देश के अंतिम ग्रामीण नागरिक तक सुलभ, सस्ती और प्रशिक्षित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। विश्व स्वास्थ्य दिवस (07 अप्रैल 2025) से इसे भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में लागू कर दिया गया है।



**कोर्स की विशेषताएं ,अवधिः दो वर्षीय एलोपैथिक डिप्लोमाप्रशिक्षणः** मेडिकल सिमुलेशन और वर्चुअल ट्रेनिंग,उपलब्धताः वैधानिक पंजीकरण के बाद सरकारी/स्वरोजगार के अवसरउद्देश्यः अंतिम ग्रामीण तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा पहुँचाना।राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ( एन एम सी) द्वारा 09.04.2025 को इसे ₹भारत में चिकित्सा शिक्षा की क्रांति₹ बताया गया। **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी) द्वारा मान्यताः**मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार।वाणिज्य मंत्रालय (कॉपीराइट विभाग) द्वारा पंजीकरण।प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा गया प्रस्तावः पीएमओपीजी/डी 2024/0151352 झोलाछाप स्वास्थ्य सेवकों को मिलेगा प्रशिक्षण व वैधानिक मान्यताग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से सेवा कर रहे अपंजीकृत चिकित्सा कर्मियों (झोलाछाप डॉक्टरों) को प्रशिक्षित कर वैधानिक मान्यता दी जाएगी, जिससे वे संवैधानिक और कानूनी रूप से स्वीकृत स्वास्थ्य सेवक बन सकें। कोविड-19 महामारी के दौरान इन्हीं सेवकों ने बगैर किसी संसाधन के लाखों ग्रामीणों की जान बचाई थी।डॉ. संतोष बाथव (अध्यक्ष, आर्यवत फाउंडेशन): "भारत को वैश्विक स्वास्थ्य नेतृत्व में अग्रणी बनाना लक्ष्य।"डॉ. नरेंद्र श्रीवास (जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ): पाठ्यक्रम की व्यावहारिक संरचना तैयार करने में अग्रणी भूमिका।डॉ. शेखर श्रीवास (नीति सलाहकार): योजना के विधिक और नीति पक्षों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया।बिसन करजी (जनजातीय कार्यकर्ता): आदिवासी अंचलों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को उजागर कर सामाजिक समर्थन तैयार किया।

## धूमधाम से निकली महाकाल की शाही सवारी, हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

श्रावण मास के चौथे सोमवार को सिंगोड़ी में भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी महाकाल मंदिर पुलिस चौकी के पास से निकली जिसमे भगवान भोले बाबा मनमहेश जी के रूप में भक्तों को दर्शन दिए महाकाल समिति द्वारा भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया।

ज्ञात है कि विगत 3 वर्षो से श्री महाकाल सेवा समिति द्वारा श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भगवान की सवारी बड़े ही धूमधाम के साथ गाजे बाजे,आतिशबाजी,गुन्नौर साईं, सैकड़ो झांझ वादक युवाओं के साथ शाही पालकी यात्रा निकाली गई जो ग्राम के मुख्य मार्गो से होते श्री महाकाल मंदिर पहुंची जहाँ शिव शंकर जी की महा आरती और महाप्रसाद का वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर ग्राम के समस्त धर्मप्रेमी



बंधु माताएं बहने ओर युवा साथी उपस्थित रहे।

मरही माता महिला मंडल ने किया भंडारामरही माता सेवा समिति की महिला मंडल द्वारा मरही माता मंदिर प्रांगण में महाकाल बाबा की सवारी आने पर हलवा का प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर समस्त महिलाएं उपस्थित रही और सभी ने भंडारे के प्रसाद को ग्रहण कर धर्म का लाभ लिया इस अवसर पर अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

# बदहाल सड़क: रोटी-बेटी का नहीं हो रहा रिश्ता, ग्रामीणों ने सुनाई व्यथा

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी के अंतिम छोर के पठार इलाके की ग्राम पंचायत महकेपार से हेटी के बीच का कच्चा मार्ग आजादी के 78 वर्षों बाद भी निर्माण की बाट जोह रहा है. बारिश के बाद इस सड़क मार्ग पर साईकिल, मोटरसाईकिल चलाना तो दूर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है. महकेपार से हेटी के बीच का मार्ग खस्ताहाल होने की वजह से बड़ी देवरी, चिटका देवरी, देवरी खुर्द के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाईयों को सामना करना पड़ रहा है. बारिश के बाद इन गांवों के बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होती है. गांव के मरीज अस्पताल नहीं जा पाते और संजीवनी 108 इन गांवों में नहीं आ पाती. बदहाल सड़क ने ग्रामीणों का बाजार और अन्य जरूरी जगहों तक पहुंचना बेहद मुश्किल कर रखा है. सड़क की बदहाली की वजह से इन गांवों में कोई रोटी-बेटी का रिश्ता तक नहीं करना चाहता. यह दावा गांव की एक महिला ने किया है. पक्की सड़क नहीं होने के कारण आदिवासी बाहुल्य बड़ी देवरी, चिटका देवरी, देवरी खुर्द का विकास रूका हुआ है. इन गांवों के लोग बेहतर सुविधाओं की तलाश में अपने गाँव को छोड़कर शहर की ओर पलायन करने तक के लिए मजबूर है. यहां के लोग पंचायत से लेकर विधायक और लोकसभा चुनाव में मतदान करते है लेकिन मतदान के बावजूद एक नागरिक को जो मूलभूत सुविधाएं चुनी हुई सरकार के द्वारा दी जानी होती है. वह इन गांवों के ग्रामीणों को नहीं मिल रही है. जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के दौरान वोट मांगने आते है और अधिकारी कभी भी इन गांवों में ढांककर नहीं देखते।

**जीवन के अधिकार का हो रहा हननः** गौरतलब हो कि देश की सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षित, वाहन योग्य और सुव्यवस्थित सड़कों तक पहुंच संविधान के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का एक अनिवार्य हिस्सा है. सर्वोच्च न्यायालय की इस टिप्पणी की दृष्टि से देखा जाए तो पठार अंचल के आदिवासी बाहुल्य तीन गांवों में निवास करने वाले ग्रामीणों के अधिकारों का सरासर हनन हो रहा है. मध्य प्रदेश राज्य में करीब 02 दशक से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है जो अन्त्योदय का दावा करती है. अंत्योदय का मुख्य लक्ष्य गरीबी को खत्म करना और सभी नागरिकों के लिए बुनियादी जरूरतों को पूरा करना है. मगर, पठार अंचल के ग्राम बड़ी देवरी, चिटका देवरी, देवरी खुर्द की सड़क की हालत बता रही है कि सरकार का यह दावा झूठा है।



**जनपद और जिला पंचायत सदस्य के पास नहीं बड़ी धनराशिः** इन गांवों की जनता सड़क का निर्माण होगा इसी उम्मीद के साथ हर बार और हर चुनाव में मतदान करती है. सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य से लेकर विधायक और सांसद के चुनाव के दौरान हर प्रत्याशी ग्रामीणों को यह भरोसा दिलाता है कि अगर वह चुनाव जीतकर आते है तो सड़क का निर्माण होगा. ग्रामीणों को जिस पर अधिक विश्वास होता है वह उसे मतदान करते है. चुनाव होने पर जो सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य जो जीतकर आते है वह फंड नहीं होने और उनके स्तर का कार्य नहीं होने की बात कहते हुए ग्रामीणों को समझाइश देते है जबकि विधायक और सांसद दोबारा इन गांवों में नहीं जाते. बता दें कि जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रियंका परते चिटका देवरी की निवासी है उन्हें यह उम्मीद थी कि उनके जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद शायद वह अपने गांव की पक्की सड़क बना पाएगी. बताया जाता है कि वह कई बार जिला पंचायत की बैठक में इस सड़क का मुद्दा उठा चुकी है लेकिन कोई सफलता नहीं मिला है. जनपद सदस्य प्रतिनिधि विश्वनाथ नेवारे बताते है कि सड़क की हालत खराब होने के कारण ग्रामीणों ने उनका जीना दुश्वार कर रखा है. जैसे ही इन गांवों में भ्रमण पर निकलो लोग सवालों की झड़ी लगा देते है एक ही सवाल पूछते है सड़क कब बनेगी।

**8 किमी के फेरे से मिलती है बचतः** ज्ञात रहे कि महकेपार बड़ी देवरी, चिटका देवरी, देवरी खुर्द से होकर हेटी गांव जाने में 08 किमी का अतिरिक्त फेरा बचता है. अगर महकेपार से गोरेघाट होकर आवागमन किया जाता है तो यह सफल 15 किमी. का है जबकि देवरी के रास्ते से होकर जाने में यह सफल करीब 7 किमी का ही होता है. ऐसे में ग्रामीण लंबी दूरी तय करने की बजाय कम दूरी वाले रास्ते से आवागमन करना अधिक उचित समझते है लेकिन बारिश के दिनों में यह मार्ग बंद हो जाता है केवल ग्रामीण ही मजबूरी में आवागमन करते है. बड़ी देवरी, चिटका देवरी के ग्रामीण महकेपार और देवरी खुर्द के ग्रामीण गोरेघाट पर आश्रित है. मगर, दोनों ही तरफ आवागमन का रास्ता बेहद खराब है।

## गोवारी में रागी, उड़द एवं मक्का की प्रदर्शन फसल का किया गया निरीक्षण



**बालाघाट।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा बिरसा विकासखंड के ग्राम गोवारी में रागी, उड़द एवं मक्का की प्रदर्शन फसल लगायी गई है। बिरसा विकासखंड के कृषि विस्तार अधिकारी ने गुमान नेताम एवं मिलाप सिंह मेरावी के खेत पर लगाई गई इस प्रदर्शन फसल का निरीक्षण किया। इन किसानो के खेत में नवाचार के तहत रागी, उड़द एवं मक्का के अंतवर्ती फसल के रूप में लगाया गया है। किसानो को इन फसलो की देख-रेख, उर्वरक एवं कीटनाशक के उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई।

### ग्रापं. फोफसा में संचालित 7 स्वसहायता समूहों का मामला

# ग्राम फोफसा में संचालित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक से निकाली गई राशि

हरिभूमि न्यूज लांजी।

महिलाओं का जीवन स्तर उठाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा महिला स्व सहायता समूहों का गठन कर उन्हें व्यवसाय करने के लिए राशि प्रदान की जाती है ताकि व्यवसाय कर महिलाएं अपने समय का सदुपयोग कर पारिवारिक आर्थिक स्थिति में सुधार कर सके। लेकिन लांजी क्षेत्र में एक स्व सहायता समूह की सचिव ने सरकार द्वारा प्रदत्त राशि में 20 लाख से अधिक की राशि का गबन कर दिया जिसकी शिकायत समूह की अन्य महिलाओं को लगी तो सारी महिलाएं बदहवास हालत में बैंक पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार लांजी क्षेत्र अंतर्गत फोफसा ग्राम वार्ड क्रमांक 8 में रहने वाली श्रीमती रंजू कृष्णा चौधरी श्री साई स्व सहायता समूह की सचिव है। इस समूह की अध्यक्ष एवं अन्य महिलाएं जिन्हें समूह की राशि बैंक में जमा नहीं होने की जानकारी लगी तो उन्होने सचिव श्रीमती रंजू कृष्णा चौधरी से संपर्क किया तो वे ग्राम से ही गायब हो गई जिसके बाद समूह की अन्य महिलाओं ने बैंक पहुंचकर जमकर हंगामा किया। महिलाओं ने जानकारी देते हुए बताया की रंजू चौधरी ने बैंक लोन की पूरी राशि समूह की अन्य सदस्यों को बिना बताए और बिना सहमति लिए निकाल ली। यह राशि लगभग 20 लाख रूपए से अधिक की है।

### अध्यक्ष और सचिव की सहमति से ही प्रदान की गई राशि

इस संबंध में ग्राम फोफसा में संचालित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के मैनेजर ने बताया की ग्राम फोफसा में संचालित लगभग 7 स्वसहायता समूहों की ऋण राशि की किश्तें बैंक में जमा नहीं की गई है। और कुछ राशि समूहों की अध्यक्ष एवं सचिव की सहमति से ही उन्हें प्रदान की जाती है। बैंक द्वारा समूह अध्यक्ष एवं सचिव के चैक में हस्ताक्षर का प्रमाणीकरण करने के पश्चात ही राशि प्रदान की जाती है। इस मामले में जो भी राशि बैंक में जमा नहीं हुई है उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी इन स्वसहायता समूहों की अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य महिलाओं की है। उन्होने आगे बताया की वे कुछ समय पहले ही इस बैंक में पदस्थ हुए है इस कारण इस मामले की ज्यादा जानकारी उनके पास उपलब्ध नहीं है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में कार्यरत कैशियर का भी स्थानांतरण लांजी मुख्यालय में स्थित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की मुख्य शाखा में हो गया है।




### इन समूहों से निकाली गई है राशि

बैंक में पहुंची स्व सहायता समूहों की महिलाओं ने बताया की श्रीमती रंजू कृष्णा चौधरी कई वर्षों से हमारे ग्राम में निवास करती हैं तथा सभी से परिचित है इस कारण उन्हें स्वसहायता समूहों में स्थान दिया गया। तथा अन्य महिलाओं से ज्यादा शिक्षित होने के कारण सभी सदस्य महिलाएं उस पर विश्वास के साथ राशि जमा करने रूपये दे दिया करती थी। महिलाओं ने बताया की श्रीमती रंजू कृष्णा चौधरी ग्राम फोफसा में 7 समूहों जिनमें खुशबू समूह, ग्राम संगठन, श्रीसाई समूह, रोशनी समूह, लक्ष्मी समूह एवं अन्नपूर्णा समूह से लगभग 20 लाख की राशि का गबन करके फरार हो गई है।

### इनका कहना है

मुझे यह जानकारी 3 अगस्त को हमारी सहायक विकासखंड अधिकारी सुनीता चन्ने द्वारा दी गई जिसे संज्ञान में लेकर समस्त समूहों की बैठक की जाएगी और उनसे जानकारी लेकर मामले की जांच की जाएगी। अगर जांच में रंजू चौधरी के द्वारा गबन करना पाया जाता है तो उसके खिलाफ थाने में शिकायत की जाएगी।

**राजाराम परते, विखं. प्रबंधक**
**जनपद पंचायत लांजी**

## 100 करोड़ के फर्जी आहरण मामले में कार्यपालन यंत्री पर सिर्फ निलंबन की कार्रवाई

### पूर्व विधायक किशोर समरीते ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री की सम्पति जांच कराने शासन से की मांग

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के ब्रीज में कार्यपालन यंत्री जबलपुर और रीवा में ब्रीज में पदस्थ कार्यपालन यंत्री नरेन्द्र शर्मा की 1500 करोड़ की सम्पत्ति के छापे की कार्यवाही कर जांच करने की मांग संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी-किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने की हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के ब्रीज में जबलपुर एवं रीवा संभाग के कार्यपालन यंत्री के रूप में पदस्थ रहे तत्कालीन कार्यपालन यंत्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा रीवा और जबलपुर के ब्रीज संभाग में 20-20 लाख के एआर में 2 हजार एआर स्वीकृत कर एक हजार से अधिक की संपत्ति जमा की है। जबलपुर में गुप्तेश्वर में 10 करोड़ की लागत का मकान तथा रीवा में 100 करोड़ की जमीन अपने पुत्र सिद्धार्थ शर्मा के नाम खरीदी है। नरेन्द्र शर्मा के विरूद्ध मैहर के तत्कालीन विधायक नारायण त्रिपाठी द्वारा 100 से अधिक एआर बनाकर 100 करोड़ के फर्जी आहरण के मामले में तत्कालीन मुख्य अभियंता नायक द्वारा विधानसभा के जवाब में मुख्य अभियंता रीवा के फर्जी हस्ताक्षर से 500 से अधिक स्वीकृति आदेश जारी करने के मामले की जानकारी दी गई थी, लेकिन इसे तत्कालीन प्रमुख अभियंता अखिलेश अग्रवाल द्वारा निलंबित नहीं किया गया। इधर, जबलपुर में स्टेशनरी सप्लाई, मशीनों की खरीदी तथा अन्य सप्लाई में 100 करोड़ के फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण करने तथा 500 करोड़ की राशि एआर के माध्यम से बिना कार्य करवाए आहरण करने के मामले में भी प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग मप्र शासन को 50 करोड़ की रिश्वत देकर मामले की जांच नहीं होने दी गई। इसी तरह इनके अधिन अनुविभागीय अधिकारी पीके चतुर्वेदी द्वारा अपनी पत्नी के नाम ठेका देकर 700 करोड़ का फर्जी आहरण कर जबलपुर के नयनतारा कालोनी में पांच करोड़ का बंगला एवं 400 करोड़ की सम्पत्ति जमा की है। यह भ्रष्टाचार का प्रमाणित मामला है। जबलपुर में अधीक्षण यंत्री ब्रीज द्वारा कार्यपालन यंत्री नरेन्द्र शर्मा के 200 एआर एवं टेंडरों की स्वीकृति अवधि बढ़ाने में 100 करोड़ की रिश्वत कार्यपालन यंत्री नरेन्द्र शर्मा से ली गई। यह अत्यंत गंभीर मामला है। अधीक्षण यंत्री कैलाश कुमार लछे की 100 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति का मालिक है। इस मामले की अविलंब जांच करवाने का कष्ट करें। चूंकि नरेन्द्र शर्मा द्वारा 25-25 लाख के 2 हजार टेंडर लगवाकर बिना कार्य करवाए राशि का आहरण कर लिया है, यह अत्यंत गंभीर अपराध है।



## खबर संक्षेप

### रेवती नगर में महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आज किदवई वार्ड रेवती नगर गंगा नगर की महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। साथ मे मंदिर समिति के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में सयोग दिया। नगरपालिका द्वारा पोधे लगबाये गये । साथ ही वार्ड की सभी महिलाओं ने नगरपालिका की उपयंत्री श्रीमती बंदना मरकाम का सहयोग के लिए स्वागत किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए किदवई वार्ड के पार्षद चंदन सिंह खताबिया द्वारा भी नगरपालिका की उपयंत्री को इस सराहनीय कार्य के लिये समस्त किदवई वार्ड वासियो की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया,इसी शहर के हर वार्ड मे भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित किया गया। वृक्षारोपण मे बडी संख्या मे उपस्थित वार्ड की महिलाए एवं पुरूषों ने वृक्षारोपण मे अपना सयोग दिया।

# रेलवे की हाईटेंशन लाइन से टकराया कांवड़ का झंडा, करंट लगने से चार श्रद्धालु झुलसे

## हादसे के बाद मची अफरा-तफरी, रेलवे और प्रशासन मौके पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सावन का महीना और कांवड़ यात्रा का जोश श्रद्धा से लबरेज़ माहौल आज उस वक्त मातम में बदल गया, जब सिवनी जिले में चार कांवड़िये हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गए। घटना सोमवार सुबह की है, जब श्रद्धालु लखनवाड़ा के पास बैनगंगा नदी से भोमा की ओर कांवड़ यात्रा कर रहे थे।

जैसे ही वे छिंदवाड़ा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचे, एक बड़ा हादसा हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जयकारों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं का दल रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था। इसी दौरान एक



कांवड़िया जोश में ऊँचा झंडा लहराने लगा। लेकिन इस झंडे में लगी स्टील की रॉड ऊपर से गुजर रही रेलवे की ओवरहेड हाई वोल्टेज तार से छू गई और जोरदार करंट फैल गया। नतीजा—चार कांवड़िये बुरी तरह झुलस गए और मौके पर ही गिर पड़े।

घायलों की पहचान भोमा गांव के युवकों के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों और अन्य कांवड़ियों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चारों की हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम घायलों के इलाज में जुटी है, वहीं परिजन भी अस्पताल पहुंच चुके हैं।

घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। कांवड़ यात्रा में शामिल अन्य श्रद्धालु भयभीत हो गए और भगदड़ जैसे हालात बन गए। स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

प्रशासन और रेलवे विभाग के अधिकारी भी कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# सूने घर पर चोरों ने बोला धावा सोना चांदी के जेवर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के लखनादौन मुख्यालय के वार्ड नंबर 3 अयोध्या बस्ती में रात्रि के समय सूने घर पर चोरों ने घुसकर चोरी की एक वारदात को अंजाम दिया है। रात में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पार कर दिए।

जानकारी के अनुसार घर के सदस्य अपने गांव गए हुए थे, सूने मकान का फायदा उठाकर ताला तोड़कर चोर घर में घुसे और अलमारी में रखे गहने एवं नकदी ले उड़े। सुबह जब घर के लोग आए तो चोरी का पता चला। घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारी टूटी हुई मिली।



घर मालिक प्रेम लाल पटेल घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी चोरी की सूचना मिलते ही लखनादौन पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। अभी यह स्पष्ट नही हो पाया है कि कितने रुपये के आभूषण और नगदी की चोरी हुई है। जिस मकान में चोरों ने घटना को अंजाम दिया वहां एवं आसपास सीसीटीवी नही लगे हैं। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत सिंह धुर्वे का कहना है कि सूचना मिली थी कि एक घर मे चोरी की घटना हुई है। परिवार मोहगांव गया हुआ था। सोना चांदी के आभूषण और नगदी समेत 2 लाख से अधिक की चोरी होने की जानकारी है, फिलहाल जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी जिले के धूमा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 में रात्रि के समय एक सड़क हादसा हो गया जहां अज्ञात वाहन ने 6 मवेशियो को टक्कर मार दी जिसके कारण उ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इन दिनों आवारा मवेशियो का झुंड चौक चौराहों और सड़क में बैठा दिखाई दे रहा है। जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती जा रही है। रात्रि के समय राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 में सड़क के पास बैठे आवारा मवेशियो को अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया।

इस हादसे में 6 मवेशियों की मौत हो गई। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही राष्ट्रीय राज्यमार्ग के कर्मचारियों भी घटनास्थल पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से मृत मवेशियों को हटाया गया। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगो व वाहनों का आना जाना अधिक होता है यदि घटना के समय लोग या वाहन मौजूद रहते तो बड़ा हादसा हो सकता था। ये मवेशी किन पशु पालकों के है यह अभी पता नही चल पाया है। धूमा थाना प्रभारी शत्रुघ्न पटले का कहना है कि सूचना मिली थी कि एनएच 44 पर अज्ञात वाहन की

# नगर परिषद के करोड़ों के विकास कार्यों के लोकार्पण भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न

### पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते की उपस्थिति में नगर परिषद ने किया भव्य आयोजन

बड़े ग्राउंड में विशाल ध्वजारोहण, नगर परिषद प्रांगण में निर्माण कार्यो के शिलालेख भूमिपूजन,शिलान्यास,बाजार चौक में विशाल जनसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

नगर परिषद में बीते 2 वर्षो में किये गए विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के साथ ही प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा का कार्यक्रम दिनांक 2 अगस्त को दोपहर 1 बजे नगर के बाजार चौक प्रागंण मे,पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला के मुख्यातिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता,सुनीता देवीसिंह बघेल



नगर परिषदअध्यक्ष, राकेश पाल पूर्व विधायक, देवीसिंह बघेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा सिवनी नगर परिषद उपाध्यक्ष शिव चौधरी,राकेश वैस किसान मोर्चा सिवनी,केवलारी भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप बघेल एवं पार्षदों के विशेष अतिथि मे पूर्ण भव्यता के साथ ढोल नगाड़ों,आतिशबाजी के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता फग्गनसिंह कुलस्ते ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी जी एवं राज्यों में भाजपा शासित सरकार आयी हैं तब पूरे देश मे हर तरफ विकास कार्यो में तेजी आयी है।

भारत को विकसित देश बनाने के लिए हम सब दृढसंकल्पित है।केवलारी क्षेत्र के विकास के लिये लगातार मेरे द्वारा प्रयास किये जा रहे है। श्रीमति सुनीता देवी सिंह बघेल ने बताया कि दो बर्ष मे हुये विकास कार्यो को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।नगरपरिषद केवलारी के विकास के लिए जो भी कार्य आमजनता और जनमानस के हितों में होंगे वो पूरी प्राथमिकता के साथ किये जाएँगे। इन विकास कार्यों में 1066.76 लाख के 45 निर्माण कार्यो का लोकार्पण, 333.1लाख के 23 निर्माण कार्यो का भूमिपूजन तथा 223.17 लाख के 15 प्रगतिरत कार्यो के लिए यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है।

कार्यक्रम की शुरूआत शासकीय महाविद्यालय कॉलेज प्रांगण में वृक्षारोपण ,संदीपनी सीएम राइस स्कूल केवलारी के खेल मैदान में तिरंगा झंडा फहराया गया,ततपश्चात एक रैली के रूप में जनसमुदाय के साथ अतिथियों ने नगर भृमण करते हुए,नगर के बाजार चौक में एक जनसभा का आयोजन सम्पन्न हुआ।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से किया गया शिवहरे क्लीनिक एंड डे केयर का उदघाटन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** रविवार 03/08/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के करकमलों से शिवहरे क्लीनिक एंड डे केयर का उदघाटन किया गया। सिवनी नगर के प्रतिष्ठित नागरिक संजय शिवहरे जी के ज्यारत नाका जबलपुर रोड स्थित नवनिर्मित शिवहरे क्लीनिक एण्ड डे केयर का उदघाटन विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से फीता काट कर किया गया। जहां पर शिवहरे परिवार के सदस्यों द्वारा आपका शाल, श्रीफल एवं फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने नवनिर्मित क्लीनिक

# भा.स.ज्ञा.प.पुरस्कार का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अखिल गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विगत 29 वर्षों से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आज गायत्री शक्तिपीठ सिवनी में संपन्न हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रमाशंकर अग्रवाल डायरेक्टर अरुणाचल पब्लिक स्कूल सिवनी, अध्यक्षता महेश कुमार बघेल परियोजना अधिकारी सिवनी, विशिष्ट अतिथि आदरणीया डॉ आराधना सिंह राजपूत प्राचार्य एमएलबी स्कूल सिवनी एवं आदरणीया श्रीमती कल्पना उईके प्रभारी प्राचार्य पीएम विद्यालय बुढ़ेना एवं आदरणीय सुन्दर लाल बघेल जी मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ सिवनी की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। जिले में यह परीक्षा 9 नवंबर 2024 दिन शनिवार को दोपहर 12:00



से 1:00 बजे के मध्य आयोजित हुई थी।

जिसमें 432 विद्यालयों के लगभग 27000 से विद्यार्थियों इसमें सम्मिलित हुए।5 जनवरी 2025 को परिणाम घोषित किया गया एवं सभी सम्मिलित परीक्षार्थियों को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इसी क्रम में कक्षा 5 से 12वीं तक यह महाविद्यालय स्तर पर अलग-अलग स्तर पर प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार छात्र-छात्राओं को प्रदान किए गए ।इस परीक्षा का उद्देश्य है कि छात्रों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी आए एवं छात्रों में जीवन के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन, विचारों की प्रखरता, कर्तव्य बोध का जागरण तनाव और अवसाद में कमी दुर्व्यसनों से मुक्ति एवं समग्र व्यक्तित्व का विकास हो सके। यह परीक्षा संस्कारवान नई पीढ़ी गढ़ने का प्रयास है जो की गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव का सपना मनुष्य में देवता का उदय और धरती पर स्वर्ग का उवतरण साकार हो सकेगा।

# महंत श्री हरि मुकुंद गिरी महाराज के सानिध्य में मुंडारा से मठ मंदिर कावड़ यात्रा 6 को निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्रतिवर्ष अनुसार निकलने वाली कावड़ यात्रा इस वर्ष सावन शुक्लपक्ष प्रदोष माह के चौथे सोमवार दिनांक 6 अगस्त 2025 को सुबह 11:00 बजे वैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा से निकल के मठ मंदिर पहुंचेगी।

महंत श्री हरि मुकुंद गिरी महाराज के सानिध्य में प्रतिवर्ष कावड़ यात्रा वैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा से प्रातः विधिवत पूजन पाठ कर कावड़िया अपनी कावड़ लेकर निकलेंगे इस आयोजन में मुकुंद गिरी महाराज द्वारा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं के जोड़ने की अपील की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जूना अखाड़ा के महंत मोहन गिरी महाराज (नागा बाबा) एवं भागवताचार्य गौतम शास्त्री एवं कथा वाचक कन्हैया महाराज शामिल होंगे।

यह कावड़ यात्रा सुबह वैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा से 11:00 बजे डीजे बैंड बाजा में भक्ति गीतों के साथ चलकर बटामा, टिकारी ,जनता नगर, कटंगी नाका से होते हुए मठ मंदिर एवं शिव शक्ति मंदिर पहुंच जल अभिषेक किया जाएगा इस यात्रा में भक्तों द्वारा प्रतिवर्ष जगह-जगह फलहार एवं भोजन व्यवस्था का आयोजन किया जाता है जो इस वर्ष भी किया जाएगा आता आयोजक कौन है अधिक से अधिक संख्या में भक्तों को कावड़ लेकर या पैसे शामिल होने की अपील की है अतः भक्त अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाए।

# निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह सम्पन्न



### शासकीय कन्या हाई स्कूल कान्हीवाड़ा में छात्रओ को निःशुल्क साइकिल वितरण हेतु एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जो पूर्ण रूप से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

यह वितरण शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम की सरपंच महोदया श्रीमती लता शिवपुरी गोस्वामी उपस्थित रही उन्होंने संस्था की 81 बालिकाओं को साइकिल प्रदान की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साइकिल प्राप्त कर सभी छात्राओं की चेहरे प्रफुल्लित हो उठेइस अवसर पर संस्था प्रमुख श्री जी आर रजक ने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। इससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी नियमितता में भी वृद्धि होगी।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के निशुल्क साइकिल वितरण प्रभारी शिक्षक श्री विनोद कुमार अमरोदिया द्वारा किया गया।

### कान्हीवाड़ा पुलिस ने दी दबिश,11 जुआड़ी गिरफ्तार

सिवनी जिले में कुछ जुआडी और सटोरिया सक्रीय है, जिनपर अंकुश लगाने जा प्रयास पुलिस कर रही है। कान्हीवडा थाना अंतर्गत कुछ लोग जुआ फड संचालित कर रहे थे, रात्रि के समय पुलिस ने दबिश देकर 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 6490 रुपये जपत किया है। कान्हीवाडा थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने सुबह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा अवैध गतिविधियों के नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया है। रात्रि के समय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना कान्हीवाड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम छुई में कुछ लोग जुआ खेल रहे है, सूचना प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केवलारी आशीष भराड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर जुआ रेड कार्यवाही की गई और घेराबंदी कर 11 जुआड़ियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई, सभी जुआड़ियों के पास व फड़ से कुल 6490 रूपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किये गये। आरोपियों के विरूद्ध अपराध 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# भव्य कावड़ यात्रा,विशाल भंडारा और शिव अभिषेक के साथ हुआ संपन्न

पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर गत दिवस दिन रविवार को सिवनी जिले के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत केवलारी के उगली नगर स्थित निकट क्षेत्र से प्रवाहित होने वाली पतित पावन मां बैन गंगा के पावन तट नगर वाडा घाट से कांवड़ यात्रा का आगाज क्षेत्रीय जनपद सदस्य और इस कावड़ यात्रा के संयोजक श्रीमती कल्पना आनंद भगत परम पूज्य चंदन गिरी महाराज पंडित श्याम सुंदर मिश्रा जी के सानिध्य में निकट ग्राम पोंडी खामी पटबर्रा उगली बीजाटोला होते हुए



उगली स्थित बाबा बीजाकोट धाम तक माताऐं बहने बुजुर्ग व बच्चे डीजे और शिव भजनों के साथ शिवजी की आराधना में भक्ति में वातावरण पूरे हर्ष उल्लास के साथ गंगा जी का जल कावड़ में भरकर बाबा बीजाकोट धाम में स्थित महादेव का जलाभिषेक किया गया,उक्त कार्यक्रम में उगली और आसपास क्षेत्र के भारी संख्या में श्रद्धालु गणों की उपस्थिति रही, सभी ने अपने अपने घरों से सुंदर साज सज्जा के साथ कांवड बनाकर इस कावड़ यात्रा में सम्मिलित हुए, प्रतिवर्ष श्रावण मास के पावन अवसर पर देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए भक्ति गणों के द्वारा कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है, क्योंकि श्रावण मास के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है जिसमे आज दिन सोमवार को पां. छपारा में भी हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में शिव पालकी और कावड़ यात्रा हिर्री बैन गंगा के पावन तट बजरंग घाट इमली टोला से निकालकर पांडिया छपारा तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा. इसी कड़ी में आज अंतिम सोमवार के अवसर पर रामचरितमानस अखंड रामायण भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक रुद्राभिषेक और सुंदरकांड जैसे अन्य आयोजन रामायण मंडल का वाचन किया जा रहा है।

### जंगलटोला सिंगोड़ी ग्राम में तेंदुए का आतंक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के गोपालगंज के पास ग्राम जंगलटोला एवं सिंगोड़ी में तेंदुए ने आतंक मचा रखा है तेंदुआ ग्रामीणों की बकरियों को अपना शिकार बना रहा हे जिसके कारण ग्रामीणों को हानि हो रही हे एवं ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हे कि कहीं कोई अपनी घटना या किसी ग्रामीण को यह अपना शिकार ना बना ले।

## मुनि श्री धर्म सागर जी का निर्जल सातवां उपवास चल रहा है

# उपवास से अनेक बीमारियां ठीक हो जाती हैं-मुनि श्री भावसागर

### पूरे देश में धर्म बचाओ आंदोलन होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य मे 4अगस्त 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाओ के साथ संपन्न हुआ, मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज का परम पूज्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज का निर्जल लगातार सातवां उपवास रहा ज्ञात होकि मुनिश्री ने 28 जुलाई को आहार ग्रहण किया था उसके बाद लगभग 196 घंटे से भोजन, जल ग्रहण नहीं किया, इस अवसर पर मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि ट्रेनों में कार्यालय में स्कूलों में शाकाहारी भोजन की अलग से व्यवस्था होना चाहिए 2 अक्टूबर को विश्व अहिंसा दिवस के पहले पूरे देश में धर्म बचाओ आंदोलन होना चाहिए नांदनी मठ में जो हाथी को दूसरी जगह भेजा गया है उसके बारे में भी पूरे देश में ज्ञापन देना चाहिए वैज्ञानिकों ने भी सिद्ध किया है कि उपवास से रोगों में लाभ होता है उपवास के दिन एक विशेष रसायन का स्त्राव होता है,उपवास का शाब्दिक अर्थ होता है आत्मा के समीप रहने की साधना। यदि आत्मा के समीप रहने की बात समझ में आ जाए, तो उपवास का लाभ कई गुना बढ़ जाता है। समीप रहने का मतलब आत्मस्वभाव में रमण करना। उससे शरीर का शोधन और रोगाणुओं अतः उपवास में अधिकाधिक स्वाध्याय ध्यान, आत्मचिन्तन, मनन, निरीक्षण एवं स्वदोषों की समीक्षा करनी चाहिए। मन और पाँचों इन्द्रियों के अनावश्यक दुरुपयोग को रोक उनका सदुपयोग किया जाए तो आत्मविकार, मानसिक विकार, वाणी के विकार भी शरीर के साथ दूर हो जाते हैं तथा व्यक्ति पूर्ण रूप से स्वस्थ होने लगता है। भारतीय संस्कृति में व्रत उपवास का विशिष्ट स्थान है। धर्म प्राप्ति में स्वस्थ शरीर का महत्व जानकर ही सभी धर्मों में उपवास का विधान किया गया है। लगातार खाने से और पूर्णतया उसे पचा नहीं पाने से शरीर में ग्लूकोज, भी जमने लगता है, उपवास करने से इनका पाचन होकर ऊर्जा उत्पन्न होती है तथा सभी अनावश्यक संचय भी नष्ट हो जाता है और विषाक्त तत्त्व भी निकल जाते हैं। मात्र भोजन ही हमारी आरोग्यता का हेतु नहीं है।आरोग्य के साथ पूर्णायु रहना यह उपवास द्वारा ही सम्भव है क्योंकि इससे शरीर की रोग प्रतिकार क्षमता बढ़ती है और संक्रमण से बचा जा सकता है। रोग होने के बाद चिकित्सा से बेहतर है रोग न होने देना। यदि स्वस्थ रहना है तो सप्ताह में एक दिन उपवास अवश्य करें क्योंकि मानव समाज में मौजूद प्रत्येक व्यवस्था सप्ताह में एक दिन विश्राम करती है, कार्यालयों व दुकानों में सप्ताह में एक दिन अवकाश रहता है, किन्तु बेचारा पेट एक अवकाश के लिए तरस जाता है, क्या पेट को आराम नहीं मिलना चाहिए, क्या पेट को अपने आप व्यवस्थित होने का अवसर नहीं देना चाहिए।

# राजपूत समाज महिला मंडल द्वारा हरियाली महोत्सव का किया आयोजन

सिवनी जिले के छपारा में महिला मंडल एवं रॉयल ग्रुप के तत्वावधान में हरियाली महोत्सव का भव्य आयोजन छपारा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

हरियाली महोत्सव में भजन संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ , धार्मिक संवाद धार्मिक गीतों में नृत्य 70 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को उपहार प्रदान किया गया श्रीमती रीना राजपूत ( पार्षद ) छाया राजपूत द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि छपारा में ठाकुर राजपूत समाज एवं रॉयल ग्रुप द्वारा



हरियाली महोत्सव कार्यक्रम में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया श्री कृष्ण राधा की वेशभूषा में प्रस्तुति एवं समस्त महिलाओं की वेशभूषा एवं धार्मिक गीतों में नृत्य मुख्य आकर्षण रहे। पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, धार्मिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के अंत में भाग लेने वाली महिलाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। समस्त आयोजन में भक्ति , उमंग और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे पूरे छपारा में उत्सव का माहौल व्याप्त हो गया।

सृष्टि का सुजन जगत पिता महादेव शिव जी एवं जगत जननी श्रावण तीज हमारे सनातन संस्कृति के त्योहारों में से एक प्रमुख त्योहार है. वेद एवं पुराणानुसार आदिशक्ति मां पार्वती के मिलन से ही आरंभ हुआ जिसमें महादेव जी को प्रमुख सुत्रधार माना गया है। इस दिवस युवतियां एवं महिलाएं सोलह श्रृंगार कर हरे, पीले एवं लाल वस्त्र धारण कर पूजन अर्चन करती है।

हमारे देश भारत में इस दिवस को भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपनी वस्त्र धारण कर मंगल गीत गाए जाते हैं और बगीचे एवं बागवानियों में झुले झुलती है एवं सारा दिन उत्सव मनाती हैं. लोक भाषा भिन्न-भिन्न नामों द्वारा जाना जाता है। श्रावण तीज के अवसर पर महिलाओं ने सभी को बधाई देते हुए कितनी अधिक संख्या मैं उपस्थित होने पर आभार व्यक्त किया।

### दक्षिण सामान्य वन मण्डल परिक्षेत्र बालाघाट लालबर्रा के ग्राम बोरी पोटूटोला का मामला

## जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो सवाल यह बनता है कि वन्यप्राणी की सुरक्षा कौन करेंगा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो सवाल यह बनता है कि वन्यप्राणी की सुरक्षा कौन करेंगा यह सवाल इसलिए उठ रहे क्योकि दक्षिण सामान्य वन मण्डल परिक्षेत्र बालाघाट लालबर्रा के ग्राम बोरी पोटूटोला में बाघ के शव की तस्वीर वायरल होने के बाद वन विभाग मे हडकंप मच गया था , मामला जब विभाग के संज्ञान मे आया तो विभाग के उच्चाधिकारियों ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हूए सोनेवानी क्षेत्र के बीट क्रमांक 443 मे संघन सर्चिंग अभियान चलाया तो बाघ के कुछ दो से तीन अवशेष विभाग के हाथ लगे है, विभाग ने संदेह के आधार पर 6 चौकीदारों को अभिरक्षा मे रखकर उनसे पूछताछ प्रांरभ की तो जॉच मे विभाग के दो अधिकारी डिप्टी रेंजर व वनरक्षक भी लिप्त नजर आए, जिसके बाद दोनो ही अधिकारियों पर निलबंन की कार्यवाही की गई।



विदित हो कि वन विभाग ने जिन चौकीदारों और अधिकारियों को वनप्राणियों की रक्षा करने के नियुक्त कर रखा था उन्हे क्या पता था कि यही सब विभाग के साथ ऑख मिचौली का खेल खेल रहे है और जैसे ही मृत बाघ के शव की जानकारी इनको पता चली तो बिना किसी उच्चअधिकारियों के संज्ञान मे डालकर उसे ठिकाने लगाने मे कोई कसर नही छोडी और बाघ के शव को जला दिया और सबुत मिटाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ लोगो की सुझ - बुझ से इस पूरे मामले को सोशल मीडिया की मदद से बाहर लाया गया जिसके बाद विभाग भी हरकत मे आया और जानकारी प्राप्त कर कडी दर कडी आरोपी तक पहूँचा , जिसके बाद 6 चौकीदारों सहित दो अधिकारियों को जॉच के दायरे मे लिया गया।

इस मामले में वन विभाग द्वारा गठित ठीम ने सोनेवानी क्षेत्र मे चौकीदार के रूप मे कार्य कर रहे आरोपी हरिलाल पिता सितकुर ईडपाचे उम्र 49 निवासी चितालटोला, मानसिंह पिता दीपसिंह सलामे उम्र 40 निवासी खैरगोंदी, देवसिंह पिता गनपत कुमरे उम्र 34 वर्ष निवासी बोरीटोला , शिव कुमार पिता सुरपसिंह धुर्वे उम्र 37 वर्ष निवासी नवेगॉव, अनुज पिता मिठ्ठन सिरसाम उम्र 23 वर्ष निवासी को गिरफतार कर न्यायालय मे पेश किया वही दो अधिकारी टीकाराम हनोते वनपाल व वनरक्षक हिमांशु घोरमारे पर निलबंन की कार्यवाही की गई है दोनो अभी फरार है।

वन विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण क्रमांक 16036/06 दिनॉक 02/08/2025 वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 यथा वन्यजीवस संरक्षण संशोधित अधिनियम 2022 की धारा 2 का (16 सी) , 39, 48 ए, 50,51,52,57 के तहत मामला पंजीबध्द कर न्यायालय मे पेश किया गया।

## विधायक मधु भगत ने पीएचई और वन विभाग से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में उठाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने एक बार फिर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को विधानसभा सत्र के दौरान जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (PHE) विभाग और वन विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए संबंधित विभागों से स्पष्ट जवाब मांगे।विधायक भगत ने पीएचई विभाग से सवाल किया कि बालाघाट जिले में नल जल योजना के तहत विगत तीन वर्षों में किन-किन विकासखंडों के किन-किन ग्रामों में, कितनी राशि की लागत से पाइपलाइन, जल टंकी और पेयजल आपूर्ति का कार्य कराया गया है? साथ ही उन्होंने परसवाड़ा क्षेत्र के कुछ ग्रामों में अप्रैल से जून माह के बीच उत्पन्न पेयजल संकट का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कई गांवों में लोग गर्मी के महीनों में पानी की भारी किल्लत से जूझते रहे, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने शिकायतों के समाधान की बजाय यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि नल जल योजनाएं ग्राम पंचायतों को सौंप दी गई हैं।विधायक के इस सवाल का जवाब देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतियां उइके ने स्वीकार किया कि परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कुछ हिस्सों में जल स्तर नीचे जाने के कारण अस्थायी रूप से पेयजल संकट उत्पन्न हुआ था। उन्होंने बताया कि विभाग ने इस स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्यवाही की। इसके तहत 25 नए नलकूपों का खनन किया गया, 6 स्थानों पर सिंगल फेस मोटर पंप स्थापित किए गए, और जल स्तर गिरने से प्रभावित हैंडपंपों में राइजर पाइप बढ़ाकर सुधार कार्य किए गए।मंत्री ने आगे कहा कि नल जल योजनाएं पूरी तरह से पूर्ण होने और ट्रायल रन की अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें ग्राम पंचायतों को संचालन और रखरखाव के लिए हस्तांतरित कर दिया गया है। इसके बाद संचालन की पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होती है। विभाग समय-समय पर पंचायतों को तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान करता है ताकि जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे।इस मुद्दे के साथ ही विधायक भगत ने वन विभाग से भी संबंधित प्रश्नों के माध्यम से अपने क्षेत्र में कार्यरत वन समितियों के गठन, कार्यप्रणाली और विभागीय सहयोग पर जानकारी मांगी थी। इस पर वन मंत्री द्वारा विस्तृत जवाब पूर्व में प्रस्तुत किया गया।विधायक मधु भगत द्वारा लगातार उठाए जा रहे सवाल यह दर्शाते हैं कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर न केवल गंभीर हैं, बल्कि हर विभाग को जवाबदेह बनाने की दिशा में लगातार सक्रिय भी हैं। उनकी यह पहल क्षेत्रीय विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही की मजबूत मिसाल पेश कर रही है।

## शाउमावि गढ़ी में किया गया निशुल्क साइकिलों का वितरण



हरिभूमि न्यूज गढ़ी।

बैहर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी में 04 अगस्त को शासन के निर्देशानुसार कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया जिससे विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे । यह योजना कक्षा 6वी और 9 वी में प्रथम प्रवेश पर पात्र विद्यार्थियों को दी जाती है. इस योजना का उद्देश्य छात्रों को अध्ययन के लिए सुविधा प्रदान करना है, खासकर उन छात्राओं को जिनके स्कूल की दूरी अधिक है । वही साइकिल वितरण कार्यक्रम में गढ़ी सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी ने पीटी शिक्षक एवं स्काउट गाइड प्रभारी से भी चर्चा की और उन्हें विद्यार्थियों को प्रतिदिन खेल गतिविधियों में सम्मिलित कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया । वही खेल प्रभारी ने जानकारी दी कि विद्यालय में वर्तमान में रस्सी कूद, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल की सामग्री उपलब्ध है और बालिकाओं को खो खो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर साइकिल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री महेन्द्र सिंह टेकाम , अध्यक्ष भाजपा मण्डल गढ़ी सुश्री सोनाली कुशराम , ग्राम पंचायत गढ़ी सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी, पंच टेकलाल धानेश्वर , पंच नेतराम टेकाम ,श्रीमती अमरोतिन बाई धुर्वे पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ व ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

### मुख्य समारोह के व्यवस्था की विभागवार सौंपी गई जिम्मेदारी

## स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जनपद पंचायत कटंगी के सभा हाल में सोमवार को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई. बैठक का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस समारोह की समुचित तैयारी व समन्वय सुनिश्चित करना था. बैठक में एसडीएम के.सी.ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ गायत्री सारथी, नगर परिषद सीएमओ राधेश्याम चौधरी, जनपद उपाध्यक्ष भानू सिंह पटले, नगर परिषद उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख सहित सभी जनपद पंचायत सदस्य, नगर परिषद के पार्षदों और विभागों के अधिकारी मौजूद रहे. बैठक में गांधी चौक में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई. इसके पहले ही नगर परिषद के पार्षदों ने मुख्य समारोह के आयोजन में होने वाला खर्च वहन करने से साफ इंकार कर दिया. नगर परिषद के पार्षदों ने कहा कि मुख्य समारोह में जनपद अध्यक्ष ध्वजारोहण करती है. सीएम का प्रदेश की जनता के नाम का संदेश वाचन भी जनपद अध्यक्ष द्वारा ही किया जाता है तो नगर परिषद इस कार्यक्रम का खर्च वहन नहीं करेंगी. एसडीएम ने मुख्य समारोह की जानकारी हासिल की और अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल की अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी है. साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर परिषद, ध्वनि विस्तारक यंत्र और डेकोरेशन की जिम्मेदारी जनपद पंचायत और एसडीएम कार्यालय, स्वल्पाहार की जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मिष्ठान वितरण की जिम्मेदार खाद्य और आबकारी विभाग को है. मुख्य समारोह में 05 सांस्कृतिक कार्यक्रम ही होने तय किए गए है।

## गुडरूघाट में स्तनपान सप्ताह का हुआ आयोजन



### शिशु को जन्म से लेकर 6 माह तक मां का दूध पिलाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव के निर्देशानुसार एवं मुख्यखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर खिलेंद्र पाल नागेंद्र के मार्गदर्शन में 4 अगस्त सोमवार को खैरलांजी जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गुडरूघाट के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 22 मे स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ विभाग के अमले नें गर्भवती महिलाओं को एवं धात्री माता को विश्व स्तनपान दिवस के संबंध में विस्तार जानकारी दि गई। बताया गया माता शिशु को जन्म से लेकर 06 माह स्तनपान कराये , शिशु को स्तनपान करने से प्रार्याप्त रूप से आहार प्राप्त होता है, बच्चे को प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम सहित अन्य पोषण तक प्राप्त होते है, तथा रोगो से लड़ने की क्षमता में वृद्धी होती है ,स्तनपान से माता और शिशु दोनो स्वस्थ रहते है। भोजन में हरी सब्जीया व फल लेने पर जोर दिया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम में यमकांता रहांगडाले सीएचओ, ज्ञानवती माने, के. बिरणवार, सुनिता आशा पर्यवेक्षक अनीता मेश्राम ,सुनीता मेश्राम, पारण गौतम, आशा बिसेन , मंजु डोंगरे एवं ग्राम की गर्भवती माता ममता मेश्राम, शशि कलारंगरे एवं धात्री माता सहित अन्य महिलाए मौजूद रहे।

## बिरसा क्षेत्र के गोवारी में रागी, उड़द एवं मक्का की प्रदर्शन फसल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा बिरसा विकासखंड के ग्राम गोवारी में रागी, उड़द एवं मक्का की प्रदर्शन फसल लगायी गई है। बिरसा विकासखंड के कृषि विस्तार अधिकारी योगेश वाहने ने गुमान नेताम एवं मिलाप सिंह मेरावी के खेत पर लगाई गई इस प्रदर्शन फसल का निरीक्षण किया। इन किसानो के खेत में नवाचार के तहत रागी, उड़द एवं मक्का के अंतवर्ती फसल के रूप में लगाया गया है एवं वर्तमान में खरीफ में लगी बीमारियों के बचाव हेतु तकनीकी एवं किसानो को फसलो की देख-रेख, उर्वरक एवं कीटनाशक के उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई।

### वन विकास निगम अंतर्गत ग्राम सेल्वा के कक्ष क्रमांक 388 के समीप का

## मोटरसाइकिल सहित सागौन का लट्ठा जप्त, वन अधिनियम के तहत कार्रवाई मामला



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत वन अमले द्वारा गस्ती के दौरान ग्राम सेल्वा में जो कक्ष क्रमांक 388 से लगा हुआ है एक मोटरसाइकिल को आते हुए देख उसे रोका गया मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 50 एम यू 65 30 होंडा मे एक नग सागौन का लट्ठा 0.056 घन मीटर परिवहन करते हुए कैलाश जाति ढीमर को सेल्वा में पकड़ा गया मुजरिम द्वारा सरकारी जंगल से सागौन काटकर लाने का जुर्म कबूल किया गया वन विकास निगम के अधिकारी द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927की धारा 26(1 )च 41, 42 मध्य प्रदेश अभिवहन वन उपज नियम 1969 की धारा 5 एवं 15, 16,17 मध्य प्रदेश अभिवहन वन उपज नियम 2000 की धारा 3 के तहत वन अपराध दर्ज किया गया जिसमें एक मोटरसाइकिल होंडा, एक सागौन का लट्ठा जप्त किया गया है जिसकी कीमत 7056 रुपए है। गश्ती दल में परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमरे, कैलाश धुर्वे, अजय कांबले, अशोक कुर्वे, मनोज झरिया, महेंद्र पटले, इंद्रजीत उइके,प्रीतम लाल सोनवाने मौजूद थे।परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमरे ने बताया कंजई, भाण्डामुर्री मे तेंदुए के हलचल को लेकर गश्ती की जा रही है गस्ती के दौरान सेल्वा कक्ष क्रमांक 388 के पास सागौन का परिवहन करते हुए एक मोटरसाइकिल जप्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## कालेज में बोर की मोटर खराब होने से पानी की समस्या, स्वच्छता का अभाव



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में पानी की समस्या बनी हुई है ,करीब 15 दिनो से कालेज में बने हुए बोर के अंदर डाली गई पानी की मोटर खराब हो गई है जिसकी वजह से कालेज में पेयजल की समस्या बनी हुई है। तथा स्वच्छता का भी अभाव बना हुआ है। जिसकी वजह कालेज के विधार्थीयो ने कालेज प्रबंधन के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र समस्या का समाधान करने की बात कही। विधार्थीयो ने बताया की कालेज में मोटर खराब होने से पानी की समस्या बनी है तथा साफ-सफाई का अभाव बना हुआ है जिसके कारण परेशानी हो रही है। कालेज प्रबंधन के द्वारा बोर के अंदर फंसी हुई मोटर पम्प को निकाले के लिए प्रयास किया गया लेकिन अंदर में फंसी हुई मोटर बहार निकल नही पायी जिसकी वजह से समस्या बनी हुई है, बावजूद पानी बहार से बुलाकर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है तथा नये बोर का उत्खनन शीघ्र करने की बात कही गई। जिससे समस्या का समाधान हो सके।

## सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल ने डाईट का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार 04 अगस्त 2025 को सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल द्वारा डाईट बालाघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अकादमिक एवं गैर अकादमिक स्टाफ उपस्थित रहा। डाईट बालाघाट में निरीक्षण में सभी अकादमिक शिक्षकों के दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी प्राचार्य श्री एस.एन.पंडित द्वारा डाईट के कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान निर्देशित किया गया कि भविष्य में कभी भी निरीक्षण हो सकता है। अतः अधुरे कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें।

### बैंकिंग कार्यों की हुई विषयवार समीक्षा

## रुपे केसीसी कार्ड का वितरण पूर्ण करेः सीईओ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय द्वारा 04 अगस्त को कलेक्टर व बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में पी.जोशी प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसके बैंक द्वारा बैंकिंग से संबंधित विषयवार समीक्षा शाखा प्रबंधकों, संस्था प्रबंधकों, समिति कर्मचारियों की वी.सी. के माध्यम से की गई। इस अवसर पर राजेश नागपुरे फील्ड प्रमुख, सारंग बिसेन, राजनंदनी परिहार उपस्थित रहे।

इस दौरान श्री जोशी ने निर्देशित किया कि शाखाओ को रुपे केसीसी कार्ड का वितरण शत प्रतिशत करे। इसके अलावा अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में पात्रता अनुसार अमानतदारों को शामिल किया जावे। इसके साथ ही पैक्स कंप्यूटराइजेशन अंतर्गत ईआरपी, अमानतों में वृद्धि, खरीफ ऋण वितरण, खरीफ 2025 में फसल बीमा, मध्यम कालीन ऋण को लेकर प्रति बी पैक्स पांच ऋण आवेदन तैयार कर प्रस्तुत करने, बहुउद्देशीय बी पैक्स की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि बहुउद्देशीय के चलते बुदबुदा ने धर्मकांटा की स्थापना हो चुकी है इसके साथ ही लालबर्रा, मोरवाही, कटंगी, खमरिया में कीटनाशक, शंकर बीज, इफको बाजार, फोटोकॉपी मशीन आदि कार्य के लिए बैंक मुख्यालय से ऋण प्रदाय किया गया है इन समितियों में शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अन्य समितियों में भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

## राखी पोस्ट के लिए डाक विभाग की विशेष डिज़िटल पहल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




रक्षाबंधन के पावन पर्व को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने बहनों की राखियों को सुरक्षित और समय पर उनके भाईयों तक पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की है। इस पहल के तहत डाक विभाग ने न सिर्फ डाकघरों में विशेष पत्र पेटिकाएं स्थापित की है, बल्कि व्हाट्सएप्प के माध्यम से निःशुल्क पिक अप सेवा प्रदान करने की व्यवस्था की है। राखी पोस्ट करने के लिए बालाघाट प्रधान डाकघर में विशेष पत्र पेटिंकाए लगाई गई है, जिनमें बहनें अपने राखी लिफाफें पोस्ट कर सकती हैं। इन लिफाफों की विशेष छंटाई कर उन्हे शीघ्रता से गंतव्य पते पर भेजा जाएगा। इसी के साथ प्रधान डाकघर बालाघाट में एक विशेष क्यूआर कोड जारी किया है, जिसे स्कैन करने पर प्रेषक सीधे प्रधान डाकघर बालाघाट के अधिकारिक व्हाट्सएप्प नम्बर से जुड़ जाते है। इसके माध्यम से बहनें व्हाट्सएप्प में पिक अप लिखकर अपना सम्पूर्ण पता भेज सकतीं हैं, जिसके बाद डाकिया उनके घर पहुंचकर राखी लिफाफे, पार्सल या स्पीडपोस्ट बुकिंग के लिए पिक अप करेंगे। अधिक जानकारी के लिए व्हाट्सएप्प नम्बर 9424390270 से संपर्क किया जा सकता है।

## लामता नारी शक्ति महिला संघ लामता द्वारा ग्राम नगरवाडा में हरियाली यात्रा निकाली



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 31 जुलाई को नवांकुर संस्था लामता नारी शक्ति महिला संघ एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम पंचायत नगरवाड़ा सेक्टर क्रमांक 5 में नवांकुर सखीर हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम नगरवाड़ा के मेन बस्ती हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर कलश यात्रा रैली का आयोजन किया गया। यात्रा नगरवाड़ा ग्राम में नारे लगाते हुए पर्यावरण सरंक्षण का संदेश देते हुए नगरवाड़ा ग्राम पंचायत भवन पहुंचे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दीपंचद्र ठाकरे, ग्राम पंचायत नगरवाड़ा की सरपंच महोदया श्रीमती अर्चना राहंगडाले, ग्राम के समाजसेवी मंगल प्रसाद चौधरी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मुन्नालाल राहंगडाले द्वारा मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर फूलमाला अर्पण कर पूजा अर्चना की गई, इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया, तत्पश्चात मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बालाघाट समन्वयक सुशील बर्मन के आदेश अनुसार भव्य कार्यक्रम रखा गया जिसमें फलदार वृक्ष लगाया गया।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE •B.Com•M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111